


# सूंड पकड़ने और बिस्किट खिलाने के प्रयास में भड़का गजराज, दो युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

छिंदवाड़ा जिले के चौरई-गुरैया मार्ग पर गुरुवार को एक धार्मिक यात्रा के दौरान ऐसा हादसा हुआ जिसने राहगीरों को भी सकते में डाल दिया। अमरकंटक से उज्जैन स्थित महाकालेश्वर धाम की ओर जा रहे हाथी से आशीर्वाद लेने की कोशिश दो युवकों को भारी पड़ गई। हाथी के अचानक आक्रामक हो जाने से दोनों युवक घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। हाथी के साथ चल रहे महावतों और साधु-संतों ने तत्काल स्थिति को संभाला तथा घायलों को उपचार के लिए चौरई के शासकीय अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों और हाथी के साथ चल रहे महावत दल ने अलग-अलग पहलुओं की जानकारी दी है। महावतों का कहना है कि उन्होंने युवकों को पहले ही हाथी के अधिक करीब नहीं जाने की चेतावनी दी थी, लेकिन उन्होंने सलाह को नजरअंदाज कर दिया। वहीं महावत दल के कुछ सदस्यों ने यह भी दावा किया कि युवक शराब के नशे में थे और हाथी के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे। हालांकि इस संबंध में स्वतंत्र रूप

### धार्मिक यात्रा के दौरान हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार अमरकंटक से उज्जैन स्थित महाकालेश्वर धाम की ओर हाथी के साथ साधु-संतों का एक दल धार्मिक यात्रा पर निकला हुआ था। यात्रा चौरई-गुरैया मार्ग से गुजर रही थी। इसी दौरान कोठे यादव निवासी प्रदीप कहार पिता संतोष कहार अपने एक साथी के साथ बाइक से चौरई से गुरैया की ओर जा रहे थे।रास्ते में दोनों युवक हाथी को देखकर रुक गए। आसपास मौजूद लोगों के अनुसार, वे हाथी के पास पहुंचे और उसका आशीर्वाद लेने की इच्छा जताई। इसी दौरान एक युवक ने हाथी को बिस्किट खिलाने का प्रयास किया, जबकि दूसरा उसकी सूंड पकड़कर आशीर्वाद लेने की कोशिश करने लगा। अचानक हुई इस हरकत से हाथी उत्तेजित हो गया और उसने दोनों युवकों पर हमला कर दिया।

### देखते ही देखते मच गई अफरा-तफरी

हाथी के उग्र होते ही आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। कुछ लोग सुरक्षित दूरी पर भाग गए, जबकि महावत और साधु-संत तत्काल हाथी को नियंत्रित करने में जुट गए। महावतों की सूझबूझ से स्थिति जल्द ही नियंत्रण में आ गई, जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।घटना के बाद घायल युवक सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों और हाथी के साथ चल रहे दल के सदस्यों ने तत्काल उनकी मदद की तथा उन्हें उपचार के लिए चौरई अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार शुरू किया और उनकी स्थिति पर निगरानी रखी।

### महावतों का पक्षः कई बार रोका, लेकिन नहीं माने युवक

हाथी के साथ चल रहे महावत दल के सदस्य राजू वासनिक और गणेश वासुदेव ने बताया कि यात्रा के दौरान लोगों को लगातार हाथी से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी जाती है। उन्होंने बताया कि संबंधित युवकों को भी कई बार हाथी के पास नहीं जाने और उसे छूने का प्रयास नहीं करने के लिए कहा गया था।महावतों के अनुसार, चेतावनी के बावजूद युवक हाथी के काफी निकट पहुंच गए। उनका कहना है कि इसी दौरान वे हाथी के साथ ऐसी हरकतें करने लगे जिससे वह असहज और आक्रोशित हो गया। महावत दल के कुछ सदस्यों ने यह भी दावा किया कि युवक शराब के नशे में थे और हाथी के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे। इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### घायलों ने कहा- महावत दल की कोई गलती नहीं

अस्पताल में उपचार करा रहे घायलों ने भी घटना के बाद महावत दल को निर्दोष बताया। उन्होंने कहा कि हादसे के लिए हाथी के साथ चल रहे लोगों की कोई गलती नहीं थी। उनके अनुसार, घटना अचानक हुई और उसके बाद महावतों तथा दल के अन्य सदस्यों ने उनकी हर संभव मदद की। घायलों ने बताया कि उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जिससे समय पर उपचार मिल सका।

### हाथी के व्यवहार को लेकर विशेषज्ञ भी देते हैं सावधानी की सलाह

वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार हाथी सामान्यतः शांत स्वभाव का होता है, लेकिन यदि उसे किसी प्रकार का खतरा महसूस हो या कोई व्यक्ति अचानक बहुत करीब पहुंचकर उसे छूने, पकड़ने या खिलाने का प्रयास करे तो वह रक्षात्मक या आक्रामक प्रतिक्रिया दे सकता है।विशेषज्ञों का मानना है कि हाथी चाहे प्रशिक्षित हो या धार्मिक यात्रा में शामिल हो, फिर भी वह एक विशाल और शक्तिशाली वन्य प्राणी है। ऐसे में उसके बेहद करीब जाना, बिना अनुमति भोजन खिलाना या उसकी सूंड अथवा शरीर को छूने का प्रयास करना जोखिम भरा हो सकता है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने भी अपील की है कि धार्मिक यात्राओं में शामिल हाथियों या अन्य बड़े पशुओं के साथ सेल्फी लेने, उन्हें छूने या भोजन खिलाने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए।

### खंडेलवाल का नेतृत्व बना भाजपा की संगठनात्मक शक्ति का नया आधार : यादव

छिंदवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व का सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि बीते एक वर्ष में प्रदेश संगठन ने सेवा, संगठन और समर्पण के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। उनके नेतृत्व में भाजपा ने संगठनात्मक विस्तार के साथ-साथ जनविश्वास को भी अभूतपूर्व रूप से मजबूत किया है। श्री यादव ने कहा कि हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व संभालने के बाद संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सक्रिय, सशक्त एवं परिणामोन्मुख बनाने का कार्य किया। उन्होंने कार्यकर्ता-आधारित संगठन की अवधारणा को मजबूती देते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को सम्मान, अवसर और जिम्मेदारी प्रदान की। यही कारण है कि आज भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरे उत्साह और समर्पण के साथ संगठन के अभियानों एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभा रहा है।



# पैजनवाड़ा में पकड़ाया अवैध रेत से भरा ट्रैक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

पैजनवाड़ा में स्कूल के समीप नदी से निकल रहा अवैध रेत से भरा ट्रैक्टर पकड़ा गया । यह कार्यवाही नायब तहसीलदार राम सूर्यवंशी द्वारा की गई । ट्रैक्टर को जब्त कर रावनवाड़ा - शिवपुरी थाने में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा किया गया । ट्रैक्टर मनोज यदुवंशी का बताया जा रहा है । न्यूटन पेंच नदी के मायावाड़ी पैजनवाड़ा क्षेत्रों में अवैध उत्खनन कर रेत ट्रैक्टर में भरे जाने की सूचना नायब तहसीलदार राम सूर्यवंशी को मिली । जिसके बाद वे अन्य कर्मियों को साथ लेकर मौके पर पहुंचे । जहां एक ट्रैक्टर अवैध रेत से भरा पकड़ में आया । बता दें कि जिन ग्रामीण क्षेत्रों से नदियाँ गुजरती हैं , वहां रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन होता रहता है । बारिश शुरु हो गई है , नदियों में पानी भरे और रेत निकालना मुश्किल हो जाए , इसके पहले ही रेत कारोबार से जुड़े लोग अधिक से अधिक रेत निकालकर भण्डारित करने की जुगत में भिड़ गए हैं ।

# बोरगांव में औद्योगिक प्रदूषण का संकट

## दूषित पानी से ग्रामीणों की सेहत पर खतरा, पंचायत ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

बोरगांव औद्योगिक क्षेत्र में नियमों की अनदेखी और दूषित जल के निस्तारण को लेकर विवाद गहरा गया है। कंपनियों से निकलने वाले केमिकल युक्त जहरीला पानी गंदी बदबू से औद्योगिक क्षेत्र के ग्रामीण नरकीय जीवन जीने को मजबूर है। ग्राम पंचायत बोरगांव ने औद्योगिक क्षेत्र से निकल रहे जहरीले और दूषित पानी से हो रहे प्रदूषण को लेकर जिला कलेक्टर और मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम प्रबंधन को कड़ा ज्ञापन सौंपा है। पंचायत ने इस समस्या के त्वरित समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।ज्ञापन में सरपंच पंकज श्रीपत दातरकर और उनके साथियों ने बताया कि औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला अपशिष्ट जल रेमंड कंपनी के



सामने और मुख्य मार्ग के किनारे खुलेआम जमा हो रहा है। इसके कारण क्षेत्र में न केवल भीषण दुर्गंध फैल रही है, बल्कि जलभराव से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। ग्रामीणों को इस बात की गहरी चिंता है कि यह दूषित पानी रिसकर उनके सार्वजनिक पेयजल स्त्रोतों और भूजल को प्रदूषित कर रहा है, जिससे भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं। सरपंच पंकज दातरकर ने स्पष्ट किया कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। पंचायत ने मांग की है कि दूषित जल की निकासी के लिए तत्काल वैज्ञानिक और स्थायी व्यवस्था की जाए, नियमों का उल्लंघन करने वाली औद्योगिक इकाइयों की जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए,जलभराव वाली जगहों को साफ कर वहां की स्वच्छता सुनिश्चित की जाए, ज्ञापन सौंपने के दौरान उपसरपंच घनश्याम कालबांडे आदि मोजूद रहे।

### 3 दलों द्वारा 110 घरों में किया गया डेंगू के लार्वा का सर्वे

छिन्दवाड़ा। डेंगू की रोकथाम व नियंत्रण के लिये गुरूवार को शहरी क्षेत्र छिंदवाड़ा के वार्ड क्रमांक-34 संत कबीरदास वार्ड खिरखा मोहल्ला में 3 दलों द्वारा 110 घरों में डेंगू के लार्वा का सर्वे किया गया व 09 घरों में पाये गये एडीज मच्छर के लार्वा को लार्वानाशक दवाई डालकर/खाली कराकर नष्ट कराया गया। सीएमएचओ डॉ.नरेश गोन्नाडे द्वारा जनसमुदाय से अपील की गई है की अपने घर के सभी पानी के कंटेनर, कूलर, फ्रिज, टांके टंकिया, टायर को प्रति सप्ताह जांच ले की एडीज मच्छर के लार्वा तो नहीं पनप रहे व खाली कर सफाई कर दे। पानी के बड़े कंटेनर जिनकी सफाई व ढांकना संभव न हो तो उनमें मीठा तेल प्रति सप्ताह डालें। मच्छरों के काटने से स्वयं बचाव करे, पूरे शरीर ढकने वाले कपड़े पहने, दिन के समय बच्चों व वृद्धों को मच्छरदानी के अंदर सोने की सलाह दी जाये, मॉस्किटो कॉइल का उपयोग करें, शाम के समय नीम की पत्तियों का धुआं करें।

# बारिश में भी जारी रही सांसद साहू की दूसरे दिन की पदयात्रा

## सिवनी, जबलपुर और कटनी होते हुए मैहर पहुंचेगी सांसद की धार्मिक पदयात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कहा जाता है कि सच्चे मन और निष्ठा के साथ की गई प्रार्थना को भगवान अवश्य सुनते है। कुछ ऐसा ही गत दिनों देखने को मिला। अपनी छिंदवाड़ा से मैहर तक की 375 कि.मी. की 14 दिवसीय धार्मिक पदयात्रा शुरू करने के पहले सांसद बंटी विवेक साहू ने मां शारदा से जिलेवासियों के लिए खुशहाली की कामना के साथ ही शहर सहित जिलेभर में बारिश कराने की प्रार्थना की थी।

सांसद बंटी विवेक साहू ने अपने सैकड़ों पदयात्रियों के साथ पदयात्रा शुरू करने के कुछ घंटों बाद ही छिंदवाड़ा शहर सहित जिलेभर में बारिश का दौर शुरू हो गया था। बारिश होने से जहां किसानों के चेहरे खिल गए है वहीं आमजनों ने भी राहत की सांस ली है। अपने दृढ़ संकल्प के साथ 14 दिवसीय पदयात्रा पर निकले सांसद बंटी विवेक साहू ने अपने सैंकड़ों पदयात्रियों के साथ में दूसरे दिन की पदयात्रा की शुरूआत श्री रामेश्वरम धाम सिहोरामाल से गुरूवार की सुबह बारिश के बीच ही शुरू कर दी थी। चौरई पहुंचने पर पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे सहित भाजपा के मंडल अध्यक्षों और तमाम वरिष्ठ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू सहित सैंकड़ों पदयात्रियों का भव्य स्वागत व अभिनंदन किया।

इस दौरान सांसद अपने सैंकड़ों पदयात्रियों के साथ में बारिश के बीच ही सिहोरामाल से बींझावाड़ा तक 30 कि.मी. पैदल चले। रास्ते भर हुई बारिश भी पदयात्रियों के हौसलों को कम नहीं कर सकी थी।

### धार्मिक पदयात्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

14 दिवसीय धार्मिक पदयात्रा के दौरान पदयात्रा के दुसरे दिन सांसद बंटी विवेक साहू ने अपने सैकड़ों पदयात्रियों के साथ में श्री रामेष्वर धाम सिहोरामाल से सुबह पदयात्रा की शुरूआत की थी। इस दौरान श्री रामेष्वर धाम सिहोरामाल से लेकर बींझावाड़ा तक जगह-जगह पर विषिष्ट नागरिकों व आमजनों के द्वारा सांसद बंटी विवेक साहू सहित सैकड़ों पदयात्रियों का भव्य स्वागत कर उक्त धार्मिक पदयात्रा में शामिल होते गये। इस धार्मिक पदयात्रा में सैकड़ों की संख्या में भक्तजन, नागरिक एवं महिलाएं शामिल हो रही है। सांसद बंटी विवेक साहू और सैकड़ों पदयात्रियों ने बींझावाड़ा पहुंचकर पदयात्रा के साथ में चल रहे रथ में विराजित मां शारदा की प्रतिमा की विधि विधान से पूजा-अर्चना कर अपनी दुसरे दिन की 30 किमी की धार्मिक पदयात्रा पूरी की। विदित हो कि सांसद बंटी विवेक साहू की छिंदवाड़ा से मैहर तक की पदयात्रा 01 जुलाई से शुरू हो गई है। जिसमें उन्होंने पहले दिन 23 किमी की पदयात्रा पूरी करते हुए रामेश्वर धाम में विश्राम किया था। दूसरे दिन की पदयात्रा रामेश्वर धाम से शुरू हुई, इस दौरान सांसद श्री साहू 30 किमी पैदल चलते हुए 02 जुलाई की शाम ग्राम बींझावाड़ा पहुंचे। 03 जुलाई को पदयात्रा बींझावाड़ा से शुरू होगी।

# अतिक्रमण मुक्त भूमि में पौधरोपण के दौरान सांगाखेड़ा वन अमले पर हुआ हमला

## रेंजर ने देलाखारी चौकी में दर्ज कराई प्राथमिकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

सांगाखेड़ा वन परिक्षेत्र में वन भूमि में अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि पर शासकीय पौधरोपण के दौरान अतिक्रमण करने वाले परिवार ने वन अमले से मारपीट की । इस दौरान वन परिक्षेत्रा अधिकारी नेहा घोडेश्वर,और स्टाफ को चोट आई है। रेंजर नेहा मासूरकर ने बताया कि वनाधिकार पट्टे की आड़ में कई ग्रामीणों ने अन्य भूमि पर कब्जा किया था विभागीय कार्यवाही करते हुए संमझाइश देकर अतिक्रमण हटाया गया था बुधवार को वन भूमि में पौधरोपण के दौरान कुछ अतिक्रमण कारी ग्रामीणों ने महिलाओं को आगे कर वन अमले पर हमला कर मारपीट का प्रयास किया ।

रेंजर नेहा घोडेश्वर ने बताया कि पूरी घटना की रिपोर्ट एमएलसी के बाद थाना तामिया में दर्ज कराई गई है। सांगाखेड़ा रेंजर नेहा मासूरकर ने अतिक्रमण की कार्यवाही प्रस्तावित कर वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी है।यह है मामला - श्रीमती नेहा मासुरकर वन परिक्षेत्र अधिकारी रेंज सांगाखेडा जिला



छिंदवाडा द्वारा थाना प्रभारी थाना तामिया जिला छिन्दवाडा को प्रेषित आवेदन के अनुसार वन परिक्षेत्र सांगाखेडा अंतर्गत बीट कुकरपानी कक्ष क्रमांक P-272 में सागौन रुटशूट लगाते समय अनावेदक रामबती भोपा, अनिता भोपा, सनोती भोपा सभी निवासी ग्राम बिजनाढाना पंचायत कुकरपानी द्वारा गाली गलौज मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने के संबंध में कार्यवाही का लेख किया । वन परिक्षेत्र अधिकारी रेंज सांगाखेडा श्रीमती नेहा मासूरकर ने बताया कि दिनाँक 01.07.26 को वन परिक्षेत्र सांगाखेडा अंतर्गत बीट कुकरपानी कक्ष क्रमांक P-272 मे वनमंडलाधिकारी महोदय, पश्चिम छिंदवाडा वनमंडल जिला छिंदवाडा के आदेश क्रमांक/कैम्पा/2026/187 छिंदवाडा दिनाँक 15.06.2026 के पालन में मेरे तथा स्टाफ वनपाल राकेश धुर्वे, वनरक्षक कमल सिंह पंद्राम, वनरक्षक संतलाल भारती, वनरक्षक विनोद भलावी, श्रमिक बिसनलाल मवासी, बाथू मवासी के साथ सागौन के रुटशूट लगवा रहे थे शाम करीबन 04.30 बजे ग्राम बिजनाढाना की रामबती भोपा, उसकी बहु अनिता भोपा तथा अनिता की लडकी सनोती भोपा आये और कहने लगे की ये जमीन हमारी है हम दादा परदादा के समय से इसमें खेती कर रहे हैं।

मैने तथा उपस्थित स्टाफ ने उन तीनों को समझाया की यह जमीन वन विभाग की है, आपके पास इस जमीन का कोई वन अधिकार पत्र नहीं है, इसमें वन मंडल अधिकारी महोदय के आदेशानुसार सागौन रुटशूट का रोपण किया जा रहा है मेरे तथा वन विभाग के अमला द्वारा काफी समझाने पर उन तीनों के द्वारा मुझसे व स्टाफ के साथ अभद्रता कर शासकीय कार्य रुटशूट रोपण के दौरान बाधा उत्पन्न कर चिल्लाचोट करने लगे काफी समझाने पर भी नहीं मान रहे थे तभी रामबती भोपा मुझे तथा स्टाफ को माँ बहन की गंदी गंदी गालियाँ देने लगीं कहने लगीं की यह जमीन हमारी है तभी सनोती भोपा ने उसकी दादी रामवती भोपा से डंडा छुडाकर वनपाल राकेश धुर्वे को पीठ पर और वनरक्षक कमल सिंह पंद्राम को बायें हाथ पर मारा मारपीट से डंडा टूट गया मैं वहीं पास में ही खडी थी तभी अचानक अनिता भोपा ने मेरे साथ झूमा झटकी की, जिससे मेरे बायें हाथ की हथेली में चोट लगी है।

अनावेदक रामबती भोपा, अनिता भोपा, सनोती भोपा सभी निवासी ग्राम बिजनाढाना पंचायत कुकरपानी के द्वारा वन परिक्षेत्र सांगाखेडा अंतर्गत बीट कुकरपानी कक्ष क्रमांक P-272 में शासकीय कार्य सागौन रुटशूट रोपण करते समय माँ बहन की गंदी गंदी गालियाँ देकर मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न किये हैं। अनावेदकों के विरुध्द प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने का कष्ट करें ।

# सौंसर में चोर का दुस्साहसः एक ही रात में तीन दुकानों को बनाया निशाना, व्यापारियों में दहशत



सौंसर। शहर के व्यस्ततम बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए बीती रात शातिर चोर ने एक के बाद एक तीन दुकानों में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है।इस घटना से नागपुर रोड और मोहगांव रोड के व्यापारियों में भारी रोष का माहौल है।सूत्रों और सीसीटीवी से मिली जानकारी के अनुसार यह सिलसिलेवार चोरी की घटना रात 2:20 बजे से शुरू होकर भोर तक जारी रही। चोर ने सबसे पहले नागपुर मार्ग पर स्थित 'गंगोत्री एनएक्स' (कपड़े की दुकान) को अपना निशाना बनाया। यहाँ चोर ने लोहे की रॉड का उपयोग कर शटर के ताले तोड़े और दुकान में प्रवेश कर कुछ नकदी सहित कपड़ों पर हाथ साफ कर दिया। इसके बाद चोर मोहगांव मार्ग पर स्थित फसाटे काम्प्लेक्स पहुँचा, जहाँ उसने इंद्राणी सेरेमिक्स'और कृष्ण ऑटोमोबाइल्स के शटर के ताले तोड़कर भीतर प्रवेश किया। कृष्ण ऑटोमोबाइल्स के संचालक ने बताया कि चोर उनके गल्ले में रखे कुछ रुपये की नकदी ले उड़ा। तीनों ही दुकानों में चोरी का तरीका एक जैसा होने से यह स्पष्ट है कि इसे किसी एक ही व्यक्ति ने अंजाम दिया है। घटना की सूचना मिलते ही सौसर पुलिस मौके पर पहुँची। एएसआई प्रहलाद बैरागी ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और जल्द ही आरोपी की पहचान कर ली जाएगी। हालांकि, एक ही रात में तीन दुकानों के ताले टूटने की घटना ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था और रात्रि कालीन गश्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल, व्यापारियों ने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपी की गिरफ्तारी सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने की मांग की है।

### मरघट की जमीन पर संचालित हो रही शराब दुकान


बेरडी। ग्राम बेरडी में सरकारी जमीन के अतिक्रमण और शराब दुकान के संचालन को लेकर ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुँचकर तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि ग्राम बेरडी में संचालित शराब दुकान 'मरघट' (श्मशान) की भूमि पर अवैध रूप से चल रही है। ग्रामीण विट्ठलराव गायकवाड, ज्ञानेश्वर गावंडे, रत्नाकर गायकवाड़ अंकित गुरुवे आदि ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार खसरा क्रमांक 230 मरघट की भूमि है, जिस पर लगभग 1200 वर्ग फुट क्षेत्र में शराब दुकान का संचालन हो रहा है। ग्रामीणों ने इस मामले की उच्च-स्तरीय जांच की मांग की है। इसके अतिरिक्त, ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि उक्त शराब दुकान संचालक द्वारा कई वर्षों से ग्राम पंचायत को देय कर (टैक्स) का भुगतान नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से खसरा क्रमांक 230 के राजस्व अभिलेखों की जांच करने, सरकारी/मरघट की भूमि से दुकान हटवाने और बकाया टैक्स की वसूली करने की मांग की है।

## जनपद पंचायत द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से हो रहे घोटाले

# आरोपों से घिरी मानकादेई पंचायत में सोलर लाइट खरीदी में फर्जीवाड़ा आया सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

जनपद पंचायत तामिया अंतर्गत ग्राम पंचायत मानका देई एक बार फिर कथित वित्तीय अनियमितताओं और निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर चर्चा में है। ग्रामीणों ने पंचायत में कराए गए विभिन्न निर्माण कार्यों में तकनीकी मानकों की अनदेखी, फर्जी बिलों के माध्यम से सरकारी राशि के दुरुपयोग तथा पंचायत सचिव की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतें किए जाने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे पूरे मामले पर संदेह गहराता जा रहा है।ग्रामीणों के अनुसार



पंचायत क्षेत्र के नींबू ढाना में निर्मित हो रही सीमेंट कंक्रीट सड़क में गुणवत्ता संबंधी गंभीर खामियां हैं। उनका आरोप है कि निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं कराया जा रहा। शिकायतों के बावजूद कार्य पर न तो रोक लगाई गई और न ही किसी अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर जांच की। इससे निर्माण कार्यों की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत भवन में शेड एवं फर्श निर्माण के नाम पर अनावश्यक खर्च दिखाकर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया। उनका दावा है कि इन कार्यों में वास्तविक आवश्यकता से अधिक राशि खर्च दर्शाई गई है। वहीं पंचायत सचिव पर सरपंच के हस्ताक्षर के बिना भुगतान किए जाने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं। यदि इन आरोपों में सच्चाई है तो यह पंचायत वित्तीय नियमों का गंभीर उल्लंघन माना जाएगा।ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जनपद पंचायत स्तर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### मिलीभगत-संरक्षण से नहीं किया जा सकता इंकार

उनका आरोप है कि संबंधित अधिकारियों की निषक्रियता और चुप्पी पूरे मामले को संदेहास्पद बना रही है। कुछ ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कार्रवाई नहीं होने के पीछे कथित मिलीभगत और संरक्षण की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।ग्रामीणों ने पंचायत दर्पण पोर्टल पर दर्ज जानकारी का हवाला देते हुए सोलर लाइट खरीदी और स्थापना में भी अनियमितताओं का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बाजार मूल्य की तुलना में कई गुना अधिक दर पर सोलर लाइट खरीदी दर्शाई गई है। साथ ही यह भी सवाल उठाया गया है कि क्या सोलर लाइट लगाने की प्रक्रिया नियमानुसार अपनाई गई या नहीं।

### निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग

ग्रामीणों के अनुसार सोलर लाइट स्थापना के लिए पहले ग्राम सभा एवं पंचायत की बैठक में प्रस्ताव पारित किया जाता है। इसके बाद कोटेशन आमंत्रित कर नियमानुसार खरीद प्रक्रिया पूरी की जाती है। यदि विद्युत पोल पर सोलर लाइट लगाई जाती है तो संबंधित विभाग से अनुमति लेकर प्रशिक्षित लाइनमैन के माध्यम से कार्य कराया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि जांच में यह स्पष्ट होना चाहिए कि इन सभी प्रक्रियाओं का पालन किया गया या नहीं।ग्रामीणों ने पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा है कि पंचायत में कराए गए सभी निर्माण कार्यों, भुगतान, बिल-वाउचर, सोलर लाइट खरीदी और अन्य विकास कार्यों का तकनीकी एवं वित्तीय ऑडिट कराया जाना चाहिए।

# तूफानी बारिश का तांडव, चंद्रभागा और जाम नदी उफान पर

## कई झोपड़ियों में घुसा पानी, आधी रात को जरूरी सामान लेकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

शहर में कल रात हुई मूसलाधार और तूफानी बारिश चंद्रभागा तथा जाम नदी के किनारे रहने वाले गरीब परिवारों पर मुसीबत बनकर टूटी। कल 1 जुलाई की रात करीब 9 बजे शुरू हुई तेज बारिश ने अगले दो से तीन घंटों तक जमकर हाहाकार मचाया। इसके चलते नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया और रात्रि 10 से 12 बजे के बीच बाढ़ का पानी नदी किनारे बनी झोपड़ियों और कच्चे मकानों में घुस गया। अचानक आई इस आपदा के कारण कई आदिवासी और स्थानीय परिवारों को अपना राशन-पानी और घरेलू सामान छोड़कर आनन-फानन में सुरक्षित स्थानों की ओर भागना पड़ा। किसी ने उम्मीद नहीं की थी कि बिना किसी पूर्व चेतावनी के उन्हें इस तरह आधी रात को अपना आशियाना छोड़ना पड़ेगा।



### सुबह युद्धस्तर पर शुरू हुआ सफाई अभियान, रास्ते बहाल

तूफानी बारिश के कारण जामनदी और चंद्रभागा नदी पर बने पुल-पुलियों पर पेड़ों की टूटी शाखाएं, मिट्टी के ढेर और भारी मात्रा में कचरा जमा हो गया था, जिससे सुबह आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई थी। स्थिति को देखते हुए नगरपालिका की टीम सुबह 6 बजे से ही जेसीबी और अन्य उपकरणों के साथ सड़कों पर उतरी। करीब 3-4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलियाओं की सफाई कर अवरुद्ध मार्गों को दोबारा सुचारू रूप से शुरू कराया गया।

### इन क्षेत्रों में दिखा बाढ़ का असर

शुक्रवार बाजार जाने वाले मार्ग पर स्थित बड़ी पुलिया के वसई, रविदास और मेघनाथ वार्ड में नदी किनारे झोपड़े बनाकर रहने वाले आदिवासी परिवार, जाम नदी के किनारे बसे कच्चे मकान और जूना पांढुर्णा क्षेत्र के नदी तटीय इलाकों में रहने वाले लोग इस आपदा से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। हालांकि, राहत की बात यह रही कि समय रहते लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन कच्चे घरों में पानी भर जाने के कारण परिवारों की घरेलू सामग्री और अनाज पूरी तरह नष्ट हो गया है।



### आपदा प्रबंधन टीम ने संभाला मोर्चा

घटना की सूचना मिलते ही नगरपालिका की आपदा प्रबंधन टीम तुरंत सक्रिय हो गई। टीम के प्रमुख नरेंद्र बनकर ने बताया कि रात में ही बड़ी पुलिया, उर्दू स्कूल, सावरगांव और जूना पांढुर्णा के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया गया। प्रशासन द्वारा पीड़ितों के लिए अस्थाई आश्रय गृहों की व्यवस्था की गई थी और उन्हें वहां शिफ्ट होने की सलाह दी गई, लेकिन अधिकांश परिवारों ने बाढ़ का पानी उतरने की उम्मीद में सुबह तक खुद को सुरक्षित रखने की बात कही। नगरपालिका की ओर से सभी प्रभावितों के लिए भोजन का भी पुख्ता प्रबंध किया गया था, जिसका लाभ मुख्य रूप से जूना पांढुर्णा के पीड़ितों ने उठाया।

### प्रशासन की अपील: सतर्क रहें नागरिक

नगरपालिका प्रशासन ने नदी किनारे और निचले इलाकों में कच्चे मकानों में रहने वाले सभी परिवारों से अपील की है कि मानूसन के इस मौसम में विशेष सावधानी बरतें और जलस्तर बढ़ने की स्थिति में तुरंत सुरक्षित स्थानों पर शरण लें।

## 'तेरा कुछ-कुछ हुसैन है, मेरा सब कुछ हुसैन है' कलाम पर झूमे अकीदतमंद, करबला शहीदी कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब



परासिया। मुस्लिम धर्म के पवित्र माह मोहर्रम की 15वीं तारीख पर गुरुवार रात बाजार चौक, परासिया में इंडियन मुस्लिम एसोसिएशन परासिया द्वारा करबला शहीदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के साथ अन्य धर्मों के लोग भी शामिल हुए। देर रात तक चले इस आयोजन में अकीदतमंदों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में भोपाल से आए प्रसिद्ध कव्वाल मुकर्रम वारसी ने हजरत इमाम हुसैन और करबला के शहीदों की शान में एक से बढ़कर एक कलाम पेश किए। उनके भावपूर्ण कलामों ने उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। विशेष रूप से प्रस्तुत किया गया कलाम— ₹तू भी नमाज़ पढ़ता है, हम भी पढ़ते हैं... तू भी रोज़ा रखता है, हम भी रखते हैं... लेकिन तेरे कुछ-कुछ हुसैन हैं, हमारे सब कुछ हुसैन हैं₹ सुनकर पूरा पंडाल अकीदत से गूंज उठा और श्रोता झूम उठे। रातभर नात मनकबत और करबला की याद में कलामों का सिलसिला चलता रहा, जिससे उपस्थित लोगों ने करबला की कुर्बानी का भावनात्मक एहसास किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजन समिति के सदस्य आरिज खान , अजमत पप्पू खान , जुनैद खान , आसिम खान , रिंकू खान सहित इंडियन मुस्लिम एसोसिएशन के अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा ।

# इंजीनियर के नहीं होने से निर्माण एवं विकास कार्य हो रहे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पंचायत न्यूटन चिखली में विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्य इंजीनियर के नहीं होने से प्रभावित हो रहे हैं । यहां पिछले छः सात महीने से स्थाई इंजीनियर नहीं है ।

शासन द्वारा नगर पालिका परासिया के उपयंत्री को न्यूटन चिखली का प्रभार दिया गया था , परासिया में काम की अधिकता के कारण प्रभारी इंजीनियर नगर पंचायत न्यूटन आते ही नहीं थे । इसके बाद शासन द्वारा उपयंत्री आरती टेकाम का नगर परिषद का चांदामेटा संलग्नीकरण निरस्त कर नगर परिषद न्यूटन चिखली में स्थाई पदस्थापना की गयी थी , लेकिन 2 दिन बाद ही फिर उनका ट्रान्सफर नगरपालिका दमुआ कर दिया गया । जिससे नगर परिषद न्यूटन चिखली में अब कोई भी इंजीनियर पदस्थ नहीं है । इंजीनियर की अनुपलब्धता से निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी , गुणवत्ता परीक्षण , तकनीकी स्वीकृतियां , भुगतान संबंधी कार्यवाही तथा समयबद्ध क्रियान्वयन में कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं । अधर में लटके कार्य :- वर्तमान में अनेक महत्वपूर्ण विकास कार्य प्रगति पर हैं । अमृत योजना अंतर्गत जलप्रदाय योजना , स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट , मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना अंतर्गत सड़क निर्माण और अन्य निर्माण कार्य जिनका समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए निकाय में स्थाई इंजीनियर की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है।

इंजीनियर नहीं होने से ये सारे काम अधर में लटके हुए हैं । तकनीकी अमले की कमी के कारण परियोजनाओं की गति प्रभावित हो रही है । जिससे आम नागरिकों को विकास कार्यों का अपेक्षित लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा है।

**शासन से रखी इंजीनियर की मांग :-** नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा हेमंत राय ने कहा की जनहित एवं विकास कार्यों की निरंतरता को ध्यान में रखते हुए शासन से निकाय में रिक्त इंजीनियर पद पर यथाशीघ्र नियमित अथवा अस्थायी इंजीनियर की पदस्थापना करने की मांग रखी है , ताकि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता , पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित हो सके और विकास परियोजनाओं में अनावश्यक विलंब न हो ।

# मैहर पदयात्रा पर निकले सांसद का चौरई में भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

नवेगांव वाईपास पर भाजपा नगर मंडल द्वारा भव्य स्वागत चौरई-मैहर पदयात्रा के दौरान सांसद विवेक बंटी साहू का चौरई नगर में भाजपा नगर मंडल, विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों द्वारा जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। जय माता दी के जयघोष, पुष्पवर्षा एवं भगवा ध्वजों के बीच पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय दिखाई दिया नगर के प्रमुख स्थानों पर पदयात्रियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया तथा श्रद्धालुओं के लिए पेयजल एवं जलपान की व्यवस्था भी की गई। पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय, पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे, विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष शैलेंद्र बबलू पटेल सहित भाजपा के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने यात्रा का स्वागत कर इसे सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाईमुस्लिम समाज के लोगों ने भी आगे बढ़कर सांसद विवेक बंटी साहू एवं पदयात्रियों का आत्मीय स्वागत किया।

# जुन्नारदेव वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 में निर्माण अधीन पुलिया का किया निरीक्षण



छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे ने वार्ड क्रमांक 13और 14 में स्थित पुलिया का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिया की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ में मनोज प्रजापति के घर के पास जेसीबी मशीन से नाली बनाये जाने , d प्रेमलाल साहू के घर के सामने रोड क्रॉस नाली बनाने के निर्देश दिएसालोडे ने कहा कि वार्ड की सुविधा और सुरक्षा नगर पालिका की प्राथमिकता है। पुलिया से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।इस अवसर पर सीएमओ नगर पालिका शरद कुरोलिया , जनप्रतिनिधि, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक पारे कॉन्ट्रैक्टर अरविंद परिहार , प्रेमलाल साहू , मनोज प्रजापति , राहुल प्रजापति नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी एवं वार्डवासी भी उपस्थित रहे। वार्डवासियों ने पुलिया के निरीक्षण और समस्या के समाधान की दिशा में उठाए गए इस कदम पर नगर पालिका परिषद एवं अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

# गोधूलि वृद्धाश्रम में मनाया वात्सल्य महोत्सव, लगाया एक पौधा मां के नाम - ली स्वच्छता की शपथ

छिंदवाड़ा। गुरुवार के शुभ दिन सर्वोदय अहिंसा की टीम के साथ अहिंसा प्रेमी जयसवाल परिवार के सदस्य गोधूलि वृद्धाश्रम पहुंचे और वहां निवास कर रहे सभी बुजुर्गों की कुशल क्षेम पूछकर उन्हें स्वादिष्ट भोजन कराया एवं एक पौधा मां के नाम लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सुंदर एवं हृदय स्पर्शी आयोजन स्मृति शेष शोभाशीला देवी जायसवाल एवं जितेंद्र जायसवाल की याद में उनके सुपुत्र देवेंद्र जयसवाल, वरिष्ठ पत्रकार धर्मेंद्र जयसवाल, अबीर जयसवाल एवं अनुष्का जयसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी को पर्यावरण संरक्षण सहित छिंदवाड़ा को स्वच्छ - स्वस्थ एवं सुंदर बनाने की शपथ दिलाई साथ ही सभी ने गोधूलि वृद्धाश्रम में सेवा कार्य कर सर्वोदय अहिंसा का संदेश दिया। वात्सल्य पूर्ण आयोजन के लिए सभी बुजुर्गों ने सभी अहिंसा प्रेमियों को दिल से आशीर्वाद दिया और ऐसे सेवा कार्यों को जारी रखने की प्रेरणा दी।



## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए एमपीटास पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक बढ़ी

**बालाघाट।** पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एमपीटास (MPTAAS) पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। विभाग ने आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 31 जुलाई 2026 कर दी है।सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग श्री राहुल नायक ने बताया कि पूर्व में ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून 2026 निर्धारित थी, लेकिन विभाग द्वारा जारी संशोधित निर्देशों के अनुसार पात्र विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे बढ़ा दिया गया है।

# कटंगी में 1 से 15 जुलाई तक विशेष अभियान : लाड़ली लक्ष्मी छात्रवृत्ति अटकी तो छूटेगा लाभ 2000 छात्राएं करें डीबीटी और ई-केवाईसी

हरिभूमि न्यूज कटंगी।




मध्यप्रदेश सरकार की अति महत्वाकांक्षी लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत छात्रवृत्ति का लाभ ले रही छात्राओं के लिए जरूरी सूचना आई है। जिन छात्राओं के बैंक खाते में डीबीटी और आधार ईकेवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं है, उनकी छात्रवृत्ति अटक सकती है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 1 जुलाई से 15 जुलाई तक विशेष अभियान चलाकर छूटी हुई छात्राओं की डीबीटी और ईकेवाईसी का काम पूरा कराया जा रहा है। परियोजना अधिकारी पुष्पेंद्र रानाडे ने गुरूवार 02 जुलाई को दोपहर 03 बजे जानकारी देते हुए बताया कि विकासखंड कटंगी के अंतर्गत कुल 15,800 छात्राएं लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ ले रही हैं। इनमें से करीब 2,000 छात्राओं की आधार ईकेवाईसी और बैंक खाते की डीबीटी प्रक्रिया अभी तक अपूर्ण है। इन सभी 2000 छात्राओं की सूची संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उपलब्ध करा दी गई है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर पालकों से संपर्क कर रही हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत कक्षा 6, 9, 11, 12 में प्रवेश लेने पर छात्राओं के खाते में सीधे छात्रवृत्ति की राशि भेजी जाती है। केंद्र सरकार के नियमानुसार यह राशि सिर्फ आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम और डीबीटी इनेबल्ड खाते में ही ट्रांसफर की जाती है। बता दें कि यदि ये दोनों प्रक्रिया पूरी नहीं हैं तो छात्रवृत्ति की राशि खाते में नहीं आएगी और पेंडिंग में चली जाएगी।

**कैसे कराएं डीबीटी-ईकेवाईसी :** छात्राएं या उनके पालक बैंक शाखा में जाकर बैंक पासबुक, आधार कार्ड, समग्र आईडी लेकर अपनी बैंक शाखा में जाएं और डीबीटी और ईकेवाईसी का फार्म भरकर जमा करें। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से भी आधार सीडिंग हो जाती है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि 15 जुलाई तक चलने वाला यह विशेष अभियान अंतिम अवसर है। जिन छात्राओं का काम अधूरा रहेगा, उनकी छात्रवृत्ति शासन रोक देगी। परियोजना अधिकारी पुष्पेंद्र रानाडे ने सभी पालकों से अनुरोध है कि वे अपनी बेटियों का भविष्य सुरक्षित करें। 15 जुलाई से पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता या बैंक में जाकर डीबीटी और ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूरा करा लें। एक छोटी सी चूक से आपकी बेटी को मिलने वाली 2,000 से 6,000 रुपये तक की वार्षिक छात्रवृत्ति रुक सकती है। यह पैसा उनकी पढ़ाई के लिए बहुत जरूरी है।

**लाड़ली लक्ष्मी योजना में कब-कब मिलती है राशि ?' :**बता दें कि कक्षा 6 में प्रवेश लेने पर 2,000 रुपये, कक्षा 9 में प्रवेश पर 4,000 रुपये, कक्षा 11 में प्रवेश पर 6,000 रुपये, कक्षा 12 में प्रवेश पर 6,000 रुपये और 21 साल की होने पर 1 लाख रुपये की अंतिम किस्त प्रदान की जाती है।

# शंकरसाव पटेल महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर विधायक विवेक पटेल को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी के प्राध्यापकों ने गुरुवार को विधायक विवेक विक्की पटेल से उनके जनसंपर्क कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्राध्यापकों की विभिन्न मांगो से विधायक श्री पटेल को अवगत कराया और शासन से उनकी मांगो को पूर्ण करवाने का अनुरोध किया।

प्राध्यापक संघ के तहसील अध्यक्ष डॉक्टर हेमन्त कुमार मंडाले ने बताया कि प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों, ग्रन्थपालो एवं क्रीड़ा अधिकारियों की न्याय संगत माँगो के संबंध में शासन को बार-बार ज्ञापन सौंपने एवं चर्चा के उपरांत भी उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निराकरण नहीं किया जा रहा है। वहीं वर्ष 2024-25 में नियुक्त बैकलॉग सहायक प्राध्यापको की परीक्षा अवधि नियुक्त दो वर्ष पश्चात समाप्त कर उन्हें कैरियर पदोन्नति का लाभ, सेवानिवृत्ति की आयु की वृद्धि के 65 वर्ष और यू जी सी के प्रावधानुसार पे-मैट्रिक्स - 14 का लाभ, सेवानिवृत्त शिक्षकों के पेंशन, वेतन,अवकाश सहित 6 सूत्रीय मांगों को पूरा करवाने में सहयोग करने के लिए विधायक जी से अनुरोध किया गया है।

विधायक श्री पटेल को ज्ञापन के दौरान तहसील अध्यक्ष डॉक्टर हेमन्त कुमार मंडाले, उपाध्यक्ष रक्षा निकोसे, दोनदत्त सिंह, सचिव त्रिरत्नेश गजभिए, नरेंद्र कुमार डोंगरे,श्रीमती सरिता नागवंशी मौजूद रहे।

इस दौरान विधायक विवेक पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार हमेशा शिक्षकों के साथ खिलवाड़ करती है।हम माननीय मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह से मुलाकात कर प्राध्यापकों की मांग का निराकरण करने का प्रयास करेंगे।

# मंदिर के पुजारी ने खोली फर्जी पत्रकारिता की पोल सोशल मीडिया पर चरित्रहनन का लगाया गंभीर आरोप




## फेसबुक पोस्ट के जरिए बदनाम करने और ब्लैकमेलिंग का आरोप, थाना बहेला में एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज लांजी।

जिले के बहेला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम वारी में सोशल मीडिया के दुरुपयोग और कथित फर्जी पत्रकारिता का एक गंभीर मामला सामने आया है। माँ पांडरी पाठ देवी मंदिर, वारी के पुजारी रेखलाल कावरे ने स्वयं को पत्रकार बताने वाले पंकज कावरे पर झूठे, भ्रामक और मानहानिकारक आरोप लगाकर लगातार मानसिक प्रताडऩा देने का गंभीर आरोप लगाया है। पुजारी रेखलाल कावरे ने थाना प्रभारी बहेला को दिए लिखित आवेदन में बताया कि वह वर्षों से माँ पांडरी पाठ देवी मंदिर में पूरी निष्ठा और श्रद्धा के साथ धार्मिक सेवा कर रहे हैं। क्षेत्र में उनकी सामाजिक एवं धार्मिक प्रतिष्ठा स्थापित है। बावजूद इसके, व्यक्तिगत रंजिश के चलते पंकज कावरे लगातार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर उनके खिलाफ झूठे आरोपों की पोस्ट प्रसारित कर रहा है।

पीड़ित रेखलाल कावरे ने बताया कि 1 जुलाई 2026 को भी फेसबुक पर एक पोस्ट डालकर बिना किसी तथ्य और प्रमाण के छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया। आरोप है कि यह सिर्फ बदनाम करने की साजिश नहीं, बल्कि पत्रकारिता की आड़ में ब्लैकमेलिंग और दबाव बनाने का संगठित प्रयास है। रेखलाल कावरे ने स्पष्ट कहा कि सोशल मीडिया को हथियार बनाकर उनकी धार्मिक छवि को नुकसान पहुँचाने की कोशिश की जा रही है। इस पूरे घटनाक्रम से उन्हें और उनके परिवार को मानसिक पीड़ा, सामाजिक अपमान और असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। पुजारी रेखलाल कावरे ने पंकज कावरे पर यह भी आरोप लगाया कि वह स्वयं पत्रकारिता की आड़ में पशुओ के नाम पर बाजारो से वसूली करता है। मामले ने अब क्षेत्र में तूल पकड़ लिया है। लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि आखिर कब तक कुछ लोग पत्रकारिता और सोशल मीडिया की आड़ में निर्दोष लोगों की प्रतिष्ठा से खिलवाड़ करते रहेंगे। पुजारी ने प्रशासन, और पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# नक्सल मोर्चे के मजबूत योद्धा चंचलेश मरकाम को भावभीनी विदाई, एसटीजी-7 कैंप बंधनखेरो में सम्मान समारोह आयोजित



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** हॉक फोर्स एसटीजी-07 कैंप बंधनखेरो में सहायक सेनानी एवं एसटीजी प्रभारी रहे चंचलेश मरकाम के सम्मान में गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। एसडीओपी सिवनी के पद पर पदोन्नति के बाद उनके सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारियों, जवानों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनके उत्कृष्ट कार्यकाल को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी। चंचलेश मरकाम बिरसा थाना अंतर्गत बंधनखेरो चौकी में सहायक सेनानी हॉक फोर्स एवं एसटीजी प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। अपने एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान उन्होंने नक्सल उन्मूलन अभियान में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में कई रणनीतिक अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई और नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में सफलता मिली।

कार्यक्रम में निरीक्षक मोहन मरावी, सहायक उप निरीक्षक बृजेश सिंह, सहायक उप निरीक्षक हरेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक कमलेश कोल सहित एसटीजी-07 कैंप बंधनखेरो के समस्त अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे। सभी ने चंचलेश मरकाम के नेतृत्व, अनुशासन और कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, साहस और कुशल रणनीति के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। अधिकारियों एवं जवानों ने बताया कि चंचलेश मरकाम ने सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत नहीं किया, बल्कि ग्रामीणों के साथ भी बेहतर तालमेल स्थापित किया। उनके सरल, सहज और संवेदनशील व्यवहार के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच उनकी अलग पहचान बनी। यही कारण रहा कि सुरक्षा तंत्र और आमजन के बीच विश्वास का मजबूत सेतु तैयार हुआ।

विदाई समारोह के दौरान चंचलेश मरकाम को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जवानों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर वारासिवनी सिविल अस्पताल में चिकित्सकों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर सिविल चिकित्सालय वारासिवनी के ओपीडी कक्ष में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. बिजेन्द्र चौधरी (शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. श्रद्धा राहंगडाले, डॉ. शिल्पा मेश्राम, शैलेंद्र मरकाम (फिजियोथेरेपिस्ट), अजय सय्याम (सहायक प्रबंधक), मुकेश बरैया (फार्मासिस्ट) सहित चिकित्सकों एवं अस्पताल के समस्त कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सकों के सम्मान एवं केक कटिंग के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों ने समाज के प्रति अपने सेवा भाव, समर्पण और दायित्वों को और अधिक निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ निभाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सक समाज के स्वास्थ्य रक्षक होते हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में भी लोगों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी चिकित्सकों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गईं।

## खबर संक्षेप

### महिला हॉकी अकादमी ग्वालियर के लिए खिलाड़ियों का चयन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 1 जुलाई 2026 को हॉकी अकादमी ग्वालियर के लिए महिला हॉकी खिलाडियों के चयन के लिए ग्वालियर अकादमी से चयन करता देवकी नंदन, मेजर ध्यान चंद स्टेडियम सिवनी में आए। चयन के लिए बालाघाट और सिवनी की महिला खिलाडियों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया। चयन प्रक्रिया के दौरान खेल अधिकारी मनु धुर्वे, श्रीमती मकसूदा मिर्जा पूर्व डिप्टी डायरेक्टर खेल और युवा कल्याण विभाग , डी एल गौर, एस बी मिर्जा, रशीद कुरैशी , संजू जैन तथा खेल विभाग के कर्मचारी और खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### नारायण धाम कोठीघाट में स्वामी नारायणानंद तीर्थ वेद विद्यालय का शुभारंभ आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय सनातन संस्कृति एवं वैदिक परम्परा के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से नारायण धाम कोठीघाट में स्वामी नारायणानंद तीर्थ वेद विद्यालय का शुभारंभ 3 जुलाई 2026 को किया जाएगा।



इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार से गुरु पादुकाओं का पूजन एवं वेदविद्यालय का विधिवत उद्घाटन होगा। नारायण धाम कोठीघाट के यज्ञ समिति के अध्यक्ष रमाकांत राजू राय ने बताया कि इस वेद विद्यालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को वेद, संस्कृत, यज्ञ-विधि, संध्या-वंदन, भारतीय संस्कृति एवं सनातन जीवन मूल्यों की शिक्षा प्रदान करना है। विद्यालय में विद्यार्थियों को पारंपरिक गुरुकुल पद्धति के अनुरूप शिक्षा एवं संस्कार दिए जाएंगे, जिससे वे वैदिक ज्ञान की परम्परा को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। श्री राय ने कहा कि वर्तमान समय में वैदिक शिक्षा का संरक्षण और प्रचार-प्रसार अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य को लेकर पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ जी महाराज के आशीर्वाद वेद विद्यालय की शुरुआत की जा रही है, जो क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं धर्मप्रेमी समाज के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। इस वेद विद्यालय का संचालन महराजश्री के सानिध्य में नारायण सेवा समिति कोठीघाट के द्वारा की जाएगी। जहां बटुकों के निःशुल्क शिक्षा के साथ आवास एवं भोजन की व्यवस्था रहेगी। वेद विद्यालय के शुभारंभ में पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ जी महाराज का पावन आशीर्वाद हम सभी को प्राप्त होगा। रमाकांत राजू राय ने इस अवसर पर अधिक से अधिक संत-महात्माओं, विद्वानों, धर्मप्रेमियों एवं सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे 3 जुलाई 2026 को नारायण धाम कोठीघाट ,सिवनी मध्य प्रदेश में आयोजित शुभारंभ समारोह में सपरिवार उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक एवं पुण्य अवसर के साक्षी बनें तथा अपने शुभाशीष प्रदान करें।

# लगभग 3-5 घंटे की मूसलाधार बारिश से उगली क्षेत्र जलमग्न हो गया, दर्जनों गांवों का संपर्क टूटा



लगभग 3-5 घंटे की मूसलाधार बारिश से उगली क्षेत्र जलमग्न हो गया,दर्जनों गांवों का संपर्क उगली मुख्यालय से टूट गया, मुख्य सडक़ें डूब गई और लोगों कज घरों और खेतों में घुस गया पानी जनपद पंचायत केवलारी अंतर्गत तहसील उगली क्षेत्र में गुरुवार को हुई लगभग तीन से पांच घंटे की लगातार मूसलाधार बारिश ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। भारी वर्षा के कारण क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गये ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कई ग्रामों का संपर्क मुख्य मार्गों से टूट गया है, जबकि खेतों और घरों में पानी भर जाने से ग्रामीणों को खाषी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोरगोंदी, सोनखार, बावली, नेवरगांव,कंचनवाड़ा, रुमाल, घाटखरपडिया,सिंदरादेही, मोहबर्रा, गोरखपुर, सारसडोल सहित दर्जनों गांव जलभराव की चपेट में आ गये।

तेज बहाव के कारण कई पुल-पुलियों और सडक़ों के ऊपर पानी बह रहा है, जिससे आवागमन भी प्रभावित हो गया है। बाढ़ जैसे हालात की स्थिती के चलते सोनखार-बावली मार्ग, कंचनवाड़ा-झित्तर्रा मार्ग, उगली-ढुटेरा (पांडिया छपारा) मार्ग, उगली-सारसडोल मार्ग, उगली-गोरखपुर मार्ग, खामी-गोरखपुर मार्ग, सरंडी-चिखली मार्ग तथा सोनखार-भोरगोंदी मार्ग सहित कई प्रमुख सडक़ें जलमग्न हो गई हैं। इन मार्गों पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई ।

हालांकि सडक़ें बंद होने के बावजूद कुछ लोग मजबूरी में अपनी जान जोखिम में डालकर उफनते पुल-नालों को पार करते दिखाई दिए, जिससे किसी भी समय बड़ी दुर्घटना की आशंका हो सकती है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से ऐसे स्थानों पर तत्काल सुरक्षा व्यवस्था एवं बैरिकेटिंग कराने की मांग की है। लगातार हुई बारिश से किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। खेतों में पानी भर जाने से खरीफ फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। यदी बारिश के यही हालात रहे तो,वहीं कई गांवों में पानी घरों तक पहुंच गया है, जिससे लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो गया है, और घरेलू सामान भी खराब होने की स्थिति बन गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कर राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने की अपील की है, जलभराव वाले मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था करने तथा प्रभावित परिवारों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। यदि क्षेत्र में बारिश का सिलसिला जारी रहा तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## इधर, लगातार हो रही बारिश से कच्चे मकान का छप्पर गिरा, एक घायल





**सिवनी/बाघराज।** कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नंदौरा के ग्राम बाघराज में लगातार हो रही बारिश के कारण शुक्रवार दोपहर करीब 1.30 बजे विजय गिरी पिता महेश गिरी के कच्चे मकान का छप्पर अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के समय घर में मौजूद एक मासूम बच्चा बाल-बाल बच गया। बच्चे के सिर में हल्की चोट आई है। यदि समय रहते बचाव नहीं होता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

हादसे में परिवार की गृहस्थी का सामान, खाद्यान्न एवं भोजन बनाने का सामान भी मलबे में दबकर खराब हो गया। इससे परिवार के सामने रहने और भोजन की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। पीड़ित विजय गिरी ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के कारण कच्चा मकान कमजोर हो गया था, जिसके चलते छप्पर अचानक गिर पड़ा। उन्होंने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मौके का निरीक्षण कर उचित आर्थिक सहायता और मुआवजा प्रदान करने की मांग की है, ताकि बरसात के दौरान परिवार के रहने और भोजन की व्यवस्था हो सके।

## केवलारी नगरपरिषद के दीप ज्योति स्कूल वर्धमान नगर की सडक़ पहली ही बारिश में कीचड़, दलदल में तब्दील



जिले की केवलारी नगरपरिषद के दीप ज्योति स्कूल वर्धमान नगर की सडक़ पहली ही बारिश में कीचड़, दलदल में तब्दील हो गई है। नागरिकों ने बताया कि अभी तो बारिश की शुरुआत हुई है और पहले ही बारिश में कच्ची सडक़ में चलना दूभर हो रहा है वही गड्ढों में पानी भरे रहने के कारण व आसपास कहीं अत्यधिक कीचड़ हो जाने के कारण बाइक को निकालने में जहां काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वही पैदल चलना भी दूभर होता है। वहीं गड्ढों में पारी भर जाने से स्कूली बच्चों और आम लोगों को आने जाने में भरी परेशानी हो रही है। वहीं कीचड़ ओर गड्ढों में पानी भरने से अनेक मौसमी बीमारी भी होने की संभावना है। स्कूल में अध्ययनरत बच्चों के अभिभावक ओर कॉलोनी निवासी जिला प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या का निदान जल्द से जल्द किया जाए।

## सिवनी की सबसे बड़ी पंचायत कान्हीवाड़ा भगवान भरोसे

# 5 साल से नहीं है स्थाई सचिव, पीसीओ की मनमानी से ग्रामीण त्रस्त

**सिवनी** जनपद पंचायत सिवनी के अंतर्गत आने वाली जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत कान्हीवाड़ा इन दिनों प्रशासनिक उपेक्षा और बदहाली का शिकार है। विडंबना देखिए कि जिले की सबसे बड़ी पंचायत होने के बावजूद कान्हीवाड़ा पिछले 5 वर्षों से स्थाई सचिव विहीन है। पंचायत का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे पीसीओ रामकुमार सूर्यवंशी की कार्यप्रणाली और कथित मनमानी से स्थानीय ग्रामीण बेहद त्रस्त हैं। जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण आज इस बड़ी पंचायत के नागरिक मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं।



### समय पर नहीं हुई नालियों की सफाई, पहली बारिश में ही खुली पोल

ग्रामीणों का आरोप है कि मानसून सिर पर होने के बावजूद पंचायत प्रशासन द्वारा समय रहते नाली निर्माण, मरम्मत या पानी निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। कागजों पर दावों की पोल पहली तेज बारिश ने ही खोल कर रख दी है। नालियां कचरे से चोक हैं, जिसके कारण निकासी पूरी तरह ठप हो चुकी है।

### वार्ड नंबर 17 में घुसा गंदा पानी, जनजीवन अस्त-व्यस्त

निकासी की उचित व्यवस्था न होने का खमियाजा कान्हीवाड़ा के वार्ड नंबर 17 के बाशिंदों को भुगतना पड़ रहा है। बीते दिनों हुई बारिश के बाद वार्ड नंबर 17 के कई घरों में नालियों का गंदा पानी घुस गया। घरों में पानी भरने से ग्रामीणों का राशन, कपड़े और कीमती सामान खराब हो गया है। सडऩ और बदबू के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना दूभर हो गया है।

### ग्रामीणों का आक्रोश

जब हम अपनी समस्या लेकर पंचायत प्रभारी या पीसीओ के पास जाते हैं, तो हमारी सुनवाई नहीं होती। अपनी मनमानी के चलते वे ग्रामीणों की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज कर रहे हैं। अगर जल्द ही स्थाई सचिव की नियुक्ति और जल निकासी का समाधान नहीं हुआ, तो हम उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे

### उच्चाधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग

जिले की सबसे बड़ी पंचायत में इस तरह की अव्यवस्था और लापरवाही ने जनपद पंचायत के प्रशासनिक दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कान्हीवाड़ा के जागरूक नागरिकों ने जिला कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत से मांग की है कि1. तत्काल प्रभाव से कान्हीवाड़ा में एक योग्य और स्थाई सचिव की नियुक्ति की जाए।

2. लापरवाह पीसीओ के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए।

3. वार्ड नंबर 17 सहित पूरी पंचायत में जल निकासी और नाली निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर शुरू कराया जाए।

अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक जागता है, या फिर कान्हीवाड़ा के लोग इसी तरह नारकीय जीवन जीने को मजबूर रहेंगे।

## धूमधाम और भावुक क्षणों के बीच संपन्न हुआ विदाई समारोह, हेमंत बिसेन को दी गई आत्मीय विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

स्थानीय कृषि उपज मण्डी में पदस्थ हेमंत बिसेन सहायक ग्रेड 3 के सेवानिवृत्त होने पर एक भव्य एवं गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी सहयोगियों और अतिथियों ने उनके सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें अत्यंत भावभीनी विदाई दी।



### कार्यक्रम की शुरुआत

मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात संस्था के सहयोगियों और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विदाई ले रहे हेमंत बिसेन का शॉल, श्रीफल, स्मृति चिह्न और पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत व सम्मान किया गया।

### वक्ताओं ने सराहा उत्कृष्ट कार्यकाल

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ताओं में मंडी सचिव राजेश ऊईके, संजीव अवधिया ने सेवाकाल की खुलकर प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा कि इनका संपूर्ण कार्यकाल अत्यंत सराहनीय, कर्तव्यनिष्ठ और प्रेरणादायक रहा है। इन्होंने हमेशा अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन किया और संकट के समय भी धैर्य से काम लिया। संस्था के विकास में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

सहकर्मियों ने उनके साथ बिताए गए पलों को याद करते हुए कहा कि वे न केवल एक बेहतरीन सहकर्मी रहे, बल्कि हमेशा एक मार्गदर्शक और अभिभावक की भूमिका में भी नजर आए।

बिसेन मल्टीस्पेशालिटी हॉस्पिटल
उत्तम चिकित्सा, बेहतर जीवन
जांच
• सी.टी. स्कैन • एम.आर.आई. • डिजिटल एक्स-रे • पैथोलॉजी • T.M.T. • 2-D इको (E.C.G.) • ई.ई.जी.
जनरल मेडिसिन
• डायबिटीज (शुगर) • हृदय रोग • हाई ब्लड प्रेशर • थायराइड, लीवर • किडनी • हड्डी एवं जोड़ रोग • न्यूरोलॉजी • स्त्री रोग एवं प्रसूति सेवा • बाल रोग • त्वचा रोग
24 घंटे 7 दिन ICU सुविधा उपलब्ध
विशेषज्ञ डॉक्टर:- डॉ. जागृति बिसेन (मेडिसिन), डॉ. लोकेश बिसेन (जनरल सर्जरी), डॉ. अविनाश कांबले (ऑर्थोपेडिक), डॉ. अन्या वर्मा (स्त्री रोग एवं प्रसूति), डॉ. अभिषेक गाधिया (बाल रोग), डॉ. पुलदेश बघेल (एनेस्थेसिया)
संपर्क करें : 6266248010, 9174594814 पता : बावरिया रोड 12 पत्थर, जिला सिवनी (म. प्र.)

## जल गंगा संवर्धन अभियान समापन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

केंद्र एवं राज्य सरकार के आदेश, कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के नेतृत्व में 19 मार्च से आज 30 जून तक हर ग्राम पंचायत में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्य कराए गए हैं। इस अभियान में धनौरा की समस्त 47 ग्राम पंचायतो में 1001 विभिन्न निर्माण कार्य क्रियान्वित किए गए। धनौरा में ग्राम सलेमा से अभियान का आरंभ कलश यात्रा से किया गया,जिसमें ग्रामीणों ,युवाओ और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही, सभी ग्रामों में समुदाय के उपयोगी जल स्त्रोतों, कूप तालाबों के संवर्धन, संरक्षण के लिए सभी ने श्रमदान कर हमेशा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के दौरान विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्रामों में वृहद मात्रा में पौधारोपण की तैयारी की जाकर वर्षाकाल में पेड़ लगाने व उनको संरक्षित रखने की शपथ ली गई।

धनौरा क्षेत्र में गिरते जल स्तर के प्रति जागरूक ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन के आह्वान पर अपने अपने घरों बाड़ी खलिहानों में पानी के पानी को सोखने वाले जल पुनर्भरण गड्ढों को मेरा वाटर बैंक के नाम से बनाया गया। नवाचार का जन संवाद जन जागरूकता- सीईओ ओंकार सिंह ठाकुर एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र सिंह राजपूत ने हर गांव पहुंचकर लोगों से भूमिगत जल स्तर में वृद्धि के लिए वर्षाजल को सहेजने के लिए अति सरल तकनीकी वाले निर्माण को मेरा वाटर बैंक के नाम से सुझाया गया, जिसमें 2 मीटर लंबाई, चौड़ाई और उतनी गहराई के बने गड्ढे से लगभग 4800 लीटर जल को संजोया जा सकता है,इस नवाचार को धनोरा क्षेत्र के सभी 47 सरपंचों 600 से अधिक पंच गण एवं अन्य जागरूक ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने अपनाया ,जिससे क्षेत्र में 600 से अधिक वाटर बैंक बनाए गए,जिससे लगभग 84 लाख लीटर जल भूमिगत स्त्रोतो को भरने का काम करेगा। घोघरी खुर्द में अमृत सरोवर मनरेगा योजना से ग्राम पंचायत झलवानी माल में सिंचाई क्षेत्र में बढ़ोत्तरी के लिए 40 लाख से अधिक लागत का सरोवर भी इसी अभियान के दौरान निर्मित किया गया,जो गांव के अनेक किसानों को सिंचाई जल की उपलब्धता में सहायक होगा।

## स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

# मानसून में सर्पदंश से रहें सतर्क, झाड़-फूंक में समय न गंवाएं, तुरंत अस्पताल पहुंचें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मानसून के दौरान सर्पदंश की घटनाओं में संभावित वृद्धि को देखते हुए जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पंकज दुबे के निर्देशन में जिलेभर में सर्पदंश से बचाव, प्राथमिक उपचार एवं समय पर चिकित्सा के प्रति जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि रात के समय घर के बाहर नंगे पैर न निकलें तथा खेत, बाड़ी या जंगल में कार्य करते समय जूते, दस्ताने एवं टॉर्च का उपयोग करें। जमीन पर सोने के बजाय पलंग या चारपाई का उपयोग करें और झाड़ियों अथवा लकड़ियों के ढेर में हाथ डालने से पहले पूरी सावधानी बरतें। सर्पदंश की स्थिति में घबराने के बजाय रोगी को शांत रखें और अनावश्यक रूप से हिलने-डुलने न दें। प्रभावित अंग को हृदय के स्तर से नीचे रखें तथा कटे स्थान पर चीरा लगाने, जलाने या किसी प्रकार का घरेलू उपचार करने से बचें। झाड़-फूंक या देसी उपचार में समय न गंवाते हुए रोगी को तत्काल निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र या अस्पताल पहुंचाएं। यदि सुरक्षित रूप से संभव हो तो सांप की पहचान के लिए उसकी फोटो ली जा सकती है, लेकिन स्वयं को किसी भी प्रकार के खतरे में न डालें।

स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि सर्पदंश वाले स्थान पर कसकर पट्टी नहीं बांधनी चाहिए, झाड़-फूंक या अप्रमाणित उपचार नहीं अपनाना चाहिए तथा चिकित्सकीय सलाह के बिना रोगी को कोई भोजन या पेय पदार्थ नहीं देना चाहिए। सर्पदंश के त्वरित एवं निःशुल्क उपचार के लिए जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आदेगांव, कान्हीवाड़ा, भोमा, मुंगवानी, कुडारी, सुनवारा, कहानी, रुमाल, पलारी, उगली, बेहरई, आष्टा, चमारी, ग्वारी एवं खवासा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छपारा, गोपालगंज, कुरई, धनौरा एवं घंसौर, सिविल अस्पताल लखनादौन, बरघाट एवं केवलारी तथा जिला चिकित्सालय सिवनी में एंटी-स्नेक वेनम (एएसवी) की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

सेक्ट कम्प्यूटर एकेडमी
माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय भोपाल (म.प्र. शासन) से सम्बद्ध
शासकीय नौकरियों के लिए एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा अनिवार्य
कोर्स फीस किस्तों में भुगतान की सुविधा
DCA 1 वर्षीय डिप्लोमा 2 सेमेस्टर योग्यता 12 वी (किसी भी विषय में)
PGDCA 1 वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा 2 सेमेस्टर योग्यता स्नातक (किसी भी विषय में)
BCA 3 वर्षीय स्नातक डिग्री 6 सेमेस्टर योग्यता 12 वी (किसी भी विषय में)
M.SC. (CS) 2 वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री 4 सेमेस्टर योग्यता स्नातक (किसी भी विषय में)
LEARN GREAT SKILLS FOR A BETTER CAREER
प्रवेश प्रारंभ
C++ I JAVA | PYTHON / AD-EXCEL | FULL- STACK
एस.पी. बंगलो रोड, बारापत्थर, सिवनी (म.प्र.) संपर्क: 9183500282, 9183505478, 8821090909, 9993465882

प्रवेश प्रारंभ डी.पी. चतुर्वेदी विज्ञान, वाणिज्य, कला एवं शिक्षा महाविद्यालय
College Code – P554 बारापत्थर, सिवनी (म.प्र.) NAAC Accredited
पाठ्यक्रम
B.Sc., B.Com., B.A., M.Sc. (Phy, Chem, Maths), M.Com, B.Ed., D.El.Ed., G.N.M.
नोट
Major, Minor, Vocstion, MDC पर कैरियर गाइडेंस
संपर्क 07692.226635, 9479887990, 9098355136, 9752264388, 8770294939, 7746838590

राधिका टाउन फेस 2
बुकिंग प्रारंभ प्लाट उपलब्ध
ओपनिंग दिनांक 16 जून 2026
80%
ज्यारत नाका जिला-सिवनी
9407055151, 9183655151

### लाखों का सामान जला, घंटों की मशक्कत के बाद पाया गया काबू

# लामता के राघोटोला में भीषण आग, माइक्रो एरिगेशन परियोजना का पाइप भंडार जलकर राख!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले के लामता थाना क्षेत्र के परतापुर स्थित राघवटोला में माइक्रो एरिगेशन परियोजना के प्लांट में आग लग गई। आग लगने से प्लांट में रखे प्लास्टिक पाइप, मशीनरी और अन्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई। धुएं का गुबार इतना तेज था कि करीब दो किलोमीटर दूर तक दिखाई दिया।

घटना की सूचना मिलते ही बालाघाट और आसपास के इलाकों से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक प्लांट में भारी नुकसान हो चुका था। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार नुकसान लाखों रुपये में बताया जा रहा है, लेकिन आधिकारिक आंकड़ा अभी सामने नहीं आया है।

यह माइक्रो एरिगेशन परियोजना किसानों के खेतों तक पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंचाने के लिए करोड़ों रुपए की लागत से चल रही थी। प्लांट में इसी से जुड़ी सामग्री और मशीनरी रखी गई थी।

लामता थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, इस घटना को लेकर कुछ संदिग्धों से पूछताछ भी की जा रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, घटना से एक दिन पहले कुछ लोगों द्वारा प्लांट में पहुंचकर कथित रूप से राशि की मांग की गई थी। इनकार किए जाने पर विवाद और मारपीट की बात भी सामने आ रही है। हालांकि पुलिस ने अभी इन सभी बातों की पुष्टि नहीं की है।

घटना के बाद क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के प्लांट का निरीक्षण करने पहुंचने की जानकारी भी सामने आई है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट होगी।

### रिकॉर्ड में अनियमितताएं, बिना लाइसेंस बीज बिक्री और नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

# लालबर्रा के तीन कृषि केंद्रों पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



किसानों के हितों की सुरक्षा तथा कृषि आदानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को लालबर्रा क्षेत्र के तीन कृषि केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। एसडीएम वारासिवनी श्री कार्तिकेय जायसवाल के नेतृत्व में राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने कृषि केंद्रों में बीज, उर्वरक एवं कीटनाशकों के भंडारण और विक्रय व्यवस्था की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान मेसर्स केशव बीज भंडार, मानपुर, मेसर्स महामाया कृषि केंद्र, लालबर्रा तथा मेसर्स बिसेन कृषि केंद्र, लालबर्रा में उपलब्ध बीज, उर्वरक एवं कीटनाशकों के स्टॉक, लाइसेंस, स्टॉक रजिस्टर, बिल बुक, बिल फाइल, डिलीवरी चालान सहित अन्य आवश्यक अभिलेखों का परीक्षण किया गया।

जांच में मेसर्स केशव बीज भंडार, मानपुर में स्टॉक पंजी अधूरी पाई गई तथा बिना लाइसेंस सब्जी बीजों का क्रय-विक्रय किया जाना सामने आया। वहीं मेसर्स महामाया कृषि केंद्र, लालबर्रा में अतिरिक्त विक्रेता प्रमाण-पत्र का पंजीयन कराए बिना व्यवसाय संचालित किया जा रहा था। इसके अलावा स्टॉक पंजी एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों का संधारण भी नहीं किया गया था। मेसर्स बिसेन कृषि केंद्र, लालबर्रा में विक्रय स्थल पर बीजों के स्टॉक एवं विक्रय दर का प्रदर्शन नहीं पाया गया। प्रशासन ने बताया कि तीनों प्रतिष्ठानों में पाई गई अनियमितताएं सीड एक्ट, 1966 एवं सीड (कंट्रोल) ऑर्डर, 1983 के विभिन्न प्रावधानों का उल्लंघन हैं। इसके तहत संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

निरीक्षण दल में एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल, तहसीलदार श्री कन्हैयालाल टेकाम, बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक निरीक्षक सुश्री प्रीति पंद्राम, कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती प्रतिभा रंगारे, श्री उत्तम रंगारे तथा संबंधित पटवारी शामिल रहे।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था को बख्शा नहीं जाएगा। कृषि आदानों के भंडारण एवं विक्रय पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा भविष्य में भी इस तरह के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे, ताकि किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक उपलब्ध कराए जा सकें।

# कोविड सेंटर से लाखों की चोरी का पर्दाफाश - दो आरोपी गिरफ्तार!



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट कोतवाली क्षेत्र के बुढ़ी स्थित स्वास्थ्य विभाग के पुराने कोविड सेंटर से लाखों रुपए का सामान चोरी करने वाले बदमाश और माल खरीदने वाले कबाड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किए गए सभी 28 ऑक्सीजन सिलेंडर, एक एसी और एलईडी टीवी बरामद कर ली है।**

चोरी की यह वारदात 24 जून की रात को हुई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेही समीर पिता शकील अली (25) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। समीर ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने चोरी का सारा सामान मरारी मोहल्ला निवासी दामोदरप्रसाद ठाकरे (54) को महज 14 हजार रुपए में बेच दिया था।

सीएसपी मयंक तिवारी ने बताया कि बरामद किए गए एक ऑक्सीजन सिलेंडर की ही सरकारी कीमत करीब 6,500 रुपए है।

स्टोर रूम के सीसीटीवी कैमरे खराब होने के कारण पुलिस ने आसपास के कैमरों की मदद से आरोपी को दबोचा।

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने बाइक से पूरा सामान ढोया था, हालांकि इतनी बड़ी मात्रा में सामान बाइक से ले जाने की बात से पुलिस संतुष्ट नहीं है। मामले में किसी अन्य सहयोगी और बड़े वाहन के इस्तेमाल को लेकर जांच जारी है। एक अन्य कार्रवाई में भरवेली पुलिस ने सायबर सेल की मदद से चेक बाउंस के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी विश्राम दमाहे को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ चार स्थायी और एक गिरफ्तारी वारंट पेंडिंग था और वह पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के गोंदिया (कुड़वा) में छिपा हुआ था। पुलिस ने गुरुवार को तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# एक्सपायरी कीटनाशक मिलने पर वारासिवनी के कृषि केंद्र का लाइसेंस निलंबित, सात दिन में मांगा जवाब



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** किसानों के हितों की सुरक्षा एवं कृषि आदानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग ने वारासिवनी के एक कृषि आदान विक्रेता के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान एक्सपायरी कीटनाशकों का भंडारण एवं अन्य गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान का कीटनाशक लाइसेंस तत्काल प्रभाव से अंतरिम रूप से निलंबित कर दिया गया है।

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास एवं जिला अनुज्ञापन अधिकारी फूलसिंह मालवीय द्वारा जारी आदेश के अनुसार 29 जून 2026 को अनुविभागीय दंडाधिकारी वारासिवनी, तहसीलदार एवं कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मे. कन्हैयालाल रुसिया, प्रो. उत्तम प्रकाश रुसिया, वार्ड क्रमांक-14, वारासिवनी के प्रतिष्ठान में विभिन्न कंपनियों के कई कीटनाशक उनकी उपयोग अवधि (एक्सपायरी डेट) समाप्त होने के बाद भी बिक्री के लिए भंडारित पाए गए।

निरीक्षण दल ने यह भी पाया कि प्रतिष्ठान संचालक मौके पर स्टॉक रजिस्टर, क्रय-विक्रय बिल फाइल तथा अन्य आवश्यक वैधानिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसे कीटनाशक अधिनियम, 1968 तथा कीटनाशक नियमावली, 1971 के प्रावधानों का गंभीर उल्लंघन माना गया।

जनहित एवं कृषक हित को ध्यान में रखते हुए विभाग ने कीटनाशक अधिनियम, 1968 की धारा 14 के तहत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए लाइसेंस क्रमांक RS/457/1408/158/2018 (16) को तत्काल प्रभाव से अंतरिम रूप से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही संबंधित प्रतिष्ठान को कीटनाशक दवाओं के क्रय, विक्रय, प्रदर्शन एवं परिवहन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

विभाग ने संबंधित लाइसेंसधारी को सात दिवस के भीतर अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होने अथवा उपस्थित न होने की स्थिति में लाइसेंस निरस्तीकरण सहित वैधानिक कार्रवाई एकपक्षीय रूप से की जाएगी।

## जिले में 02 जुलाई तक 110 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 1 जून से 02 जुलाई 2026 तक कुल 110 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 191 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वार्षिक वर्षा 1447 मिलीमीटर निर्धारित है। जिले में 01 जून से 02 जुलाई तक 249 मिलीमीटर वर्षा हो जाना चाहिए था। कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 02 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में 24 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 17 मिलीमीटर, वारासिवनी में 17 मिलीमीटर, बैहर में 60 मिलीमीटर, लांजी में 25 मिलीमीटर, कटंगी में 19 मिलीमीटर, किरनापुर में 24 मिलीमीटर, खैरलांजी में 14 मिलीमीटर, लालबर्रा में 00 मिलीमीटर, बिरसा में 10 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 58 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 15 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

चालू वर्ष में 01 जून से 02 जुलाई तक सबसे अधिक 203 मिलीमीटर वर्षा वारासिवनी तहसील में दर्ज की गई है, जबकि सबसे कम 37 मिलीमीटर वर्षा बिरसा तहसील में रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 167 मिलीमीटर, बैहर में 150 मिलीमीटर, लांजी में 129 मिलीमीटर, कटंगी में 51 मिलीमीटर, किरनापुर में 96 मिलीमीटर, खैरलांजी में 44 मिलीमीटर, लालबर्रा में 81 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 133 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी में 119 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा शहडोल के जिला प्रभारी बनने पर अजय सुखदेवे का नगर में स्वागत सत्कार



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के शहडोल जिला प्रभारी नियुक्त होने के बाद अजय सुखदेवे का मित्रमण्डल द्वारा भव्य स्वागत किया गया,दीनदयाल पुरम में जिले के प्रतिष्ठित उद्योगपति संजीव अग्रवाल के नेतृत्व में अविनाश लिल्हारे लोधी,संदेश नगपुरे,दीपक लिल्हारे,जितेंद्र गौतम एवं नरेश नारनौरे सहित अन्य सामाजिक बंधुओं ने गमछा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर अजय सुखदेवे का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।इसके बाद नगर के वार्ड क्रमांक-7 में चंद्रकांत जायसवाल के नेतृत्व में वार्डवासियों ने गमछा एवं गुलदस्ता भेंट कर उनका अभिनंदन किया। भूपेंद्र सुहागपुरे एवं सभापति भुनेश्वर रजक ने भी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने कृषि विभाग सक्रिय किसान को मिला भीमा किस्म का उन्नत अरहर बीज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिले में दलहन उत्पादन बढ़ाने एवं किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा दलहन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में 01 जुलाई को विकासखंड बालाघाट की ग्राम पंचायत चमरवाही के ग्राम बीजापुरी के किसान लेखराम चौधरी को कृषि विभाग द्वारा अरहर की भीमा किस्म का 5 किलोग्राम प्रमाणित बीज वितरित किया गया।उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि शासन का उद्देश्य किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले प्रमाणित बीज उपलब्ध कराकर दलहन फसलों का रकबा एवं उत्पादन बढ़ाना है। अरहर की भीमा किस्म अधिक उत्पादन क्षमता वाली, रोगों के प्रति अपेक्षाकृत सहनशील तथा क्षेत्र की जलवायु के अनुकूल मानी जाती है। इसके उपयोग से किसानों को बेहतर उपज एवं अधिक आर्थिक लाभ मिलने की संभावना रहती है। उन्होंने बताया कि दलहन फसलें न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक हैं, बल्कि मिट्टी की उर्वराशक्ति बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अरहर जैसी दलहनी फसलें वायुमंडलीय नाइट्रोजन का स्थिरीकरण कर भूमि की उर्वरता बढ़ाती हैं, जिससे आगामी फसलों को भी लाभ मिलता है। इसके साथ ही दलहन फसलें पोषण सुरक्षा की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इनमें प्रोटीन की प्रचुर मात्रा होती है।श्री मालवीय ने किसानों से अपील की कि वे कृषि विभाग द्वारा अनुशंसित उन्नत किस्मों के प्रमाणित बीजों का उपयोग करें तथा वैज्ञानिक पद्धति से खेती अपनाकर अधिक उत्पादन प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा समय-समय पर किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। कृषि विभाग ने जिले के किसानों से अधिकाधिक क्षेत्र में दलहन फसलों की खेती करने का आग्रह किया है, ताकि उत्पादन बढ़ने के साथ-साथ मिट्टी का स्वास्थ्य बेहतर हो और किसानों को बेहतर आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके।

### जेड (ZED) प्रमाणन, गुणवत्ता सुधार और नए बाजारों से स्थानीय उद्यमों को जोड़ने पर विशेष जोर

# बालाघाट में रैम्प कॉम्पोजिट एमएसएमई कार्यशाला एवं कैंप का प्रथम दिवस संपन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाने, स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहित करने तथा उद्यमियों को केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं, सेवाओं एवं बाजार अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से होटल मल्लिकार्जुन इंटरनेशनल, बालाघाट में आयोजित दो दिवसीय रैम्प कॉम्पोजिट एमएसएमई कार्यशाला एवं कैंप का प्रथम दिवस बुधवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।कार्यशाला का आयोजन भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की विश्व बैंक समर्थित रैम्प (रेज़िंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस) योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में रैम्प योजना की राज्य नोडल एजेंसी मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम लिमिटेड (एमपीएलयूएन) द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा संबंधित सहयोगी संस्थाओं के समन्वय से कार्यशाला आयोजित की जा रही है।कार्यशाला का उद्देश्य जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों, स्टार्टअप्स, स्वयं सहायता समूहों, इच्छुक उद्यमियों तथा उद्योग प्रतिनिधियों को शासन की योजनाओं, गुणवत्ता प्रमाणन, वित्तीय सहायता, बौद्धिक संपदा संरक्षण, संसाधन दक्षता तथा डिजिटल बाजार के अवसरों से जोड़ना है।कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री अमर कोठिया, लघु उद्योग भारती के संरक्षक श्री शैलेश वैद्य, सचिव श्री सुदीप जैन, सह-सचिव श्री विनोद धनवानी, उद्योगपति श्री बलदेव गुप्ता, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक श्रीमती प्रीति मर्सकोले, अग्रणी जिला प्रबंधक श्री संजीव कुमार तथा उप संचालक कृषि श्री कुलदीप मालवी सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, उद्योग संगठनों के पदाधिकारी, उद्यमी एवं स्वयं सहायता समूहों के सदस्य उपस्थित रहे।अतिथियों ने अपने संबोधन में बालाघाट जिले में उद्योग एवं उद्यमिता के विकास की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिले में उपलब्ध कृषि, वनोपज, प्राकृतिक संसाधनों तथा स्थानीय कौशल के आधार पर मूल्य संवर्धन एवं प्रसंस्करण उद्योगों को विकसित करने की व्यापक संभावनाएं हैं। गुणवत्ता सुधार, आधुनिक तकनीक, बेहतर वित्तीय पहुँच तथा डिजिटल बाजारों से जुड़कर स्थानीय उद्यम राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर सकते हैं।अतिथियों ने उद्यमियों से शासन की विभिन्न योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने, अपने उद्यमों का औपचारिक पंजीकरण कराने, उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार करने तथा बाजार की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवसाय विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उद्यमियों, उद्योग संगठनों, शासकीय विभागों तथा वित्तीय संस्थाओं के समन्वित प्रयासों से बालाघाट जिले में रोजगार, निवेश एवं उद्यमिता के नए अवसर विकसित किए जा सकते हैं।जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक श्रीमती प्रीति मर्सकोले ने उद्यमियों को विभाग के माध्यम से उपलब्ध सहायता, प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य केवल योजनाओं की जानकारी देना नहीं, बल्कि उद्यमियों को संबंधित विशेषज्ञों, विभागों एवं संस्थाओं से प्रत्यक्ष रूप से जोड़कर उनकी व्यावहारिक समस्याओं का समाधान करना भी है।





कार्यशाला के प्रथम दिवस में प्रतिभागियों को मध्यप्रदेश एमएसएमई विकास नीति-2025, मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति-2025, भूमि आवंटन नियम-2025, ऑनलाइन विवाद समाधान, रैम्प एवं एमएसई-स्पाइस योजना, जेड प्रमाणन, बौद्धिक संपदा अधिकार, भौगोलिक संकेतक, वित्तीय जागरूकता, स्वयं सहायता समूहों का औपचारिकीकरण, उद्यम पंजीकरण, ईएसजी, संसाधन दक्ष स्वच्छ उत्पादन तथा टीम एवं ओएनडीसी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

जेड विषय विशेषज्ञों ने उद्यमियों को जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट प्रमाणन की अवधारणा, पंजीकरण एवं मूल्यांकन प्रक्रिया, उपलब्ध प्रोत्साहनों तथा इसके व्यावसायिक लाभों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जेड प्रमाणन के माध्यम से एमएसएमई इकाइयाँ अपने उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, उत्पादन में त्रुटियों की कमी, संसाधनों के बेहतर उपयोग, लागत नियंत्रण तथा पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने की दिशा में प्रभावी कदम उठा सकती हैं। इससे उद्यमों की विश्वसनीयता बढ़ने के साथ-साथ उन्हें बड़े खरीदारों, शासकीय खरीद एवं व्यापक बाजार अवसरों से जुड़ने में भी सहायता मिलती है।बौद्धिक संपदा अधिकार एवं जीआई विषयक सत्र में आईपीआर विशेषज्ञ डॉ. अजय कुमार चौबे ने पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट तथा भौगोलिक संकेतक पंजीकरण की जानकारी दी तथा उद्यमियों को अपने उत्पादों, नवाचारों एवं ब्रांड की विधिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। वित्तीय जागरूकता सत्र में ऋण योजनाओं, बैंकिंग सहायता, कार्यशील पूंजी, अनुदान तथा आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी साझा की गई।ईएसजी एवं आरईसीपी से संबंधित सत्रों में संसाधनों के दक्ष उपयोग, स्वच्छ उत्पादन, उत्पादन लागत में कमी तथा पर्यावरणीय रूप से उत्तरदायी व्यावसायिक प्रक्रियाओं को अपनाने पर बल दिया गया। टीम एवं ओएनडीसी सत्र में उद्यमियों को डिजिटल कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जुड़ने, अपने उत्पादों की सूची तैयार करने तथा व्यापक बाजार तक पहुँच बनाने के अवसरों की जानकारी दी गई।रैम्प टीम के श्री हरिकांत गुप्ता, श्री मयूर शर्मा एवं श्री राहुल रजक ने योजना के उद्देश्यों, उपलब्ध सहायता, संस्थागत सहयोग तथा एमएसएमई उद्यमियों के लिए संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यशाला में प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष संवाद कर उद्यम पंजीकरण, वित्तीय सहायता, गुणवत्ता प्रमाणन, बाजार संपर्क तथा व्यवसाय विस्तार से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।कार्यशाला के दूसरे दिन 2 जुलाई 2026 को रैम्प योजना, जेड प्रमाणन, बौद्धिक संपदा अधिकार एवं जीआई, टीम एवं ओएनडीसी, जेम पोर्टल, बीआईएस मानक एवं प्रमाणन, वित्तीय जागरूकता तथा ईएसजी एवं आरईसीपी से संबंधित विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को गुणवत्ता सुधार, डिजिटल बाजार, शासकीय खरीद, उत्पाद मानकीकरण, वित्तीय सहायता तथा सतत व्यावसायिक प्रक्रियाओं के संबंध में विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

ओरिएण्टल इंजीनियरिंग कॉलेज लालबर्रा (बालाघाट)
B.Tech
इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
सिविल इंजीनियरिंग
मैकेनिकल इंजीनियरिंग
कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
Polytechnic
माइनिंग एंड माइन सर्वेइंग
इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
सिविल इंजीनियरिंग
मैकेनिकल इंजीनियरिंग
कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
प्रवेश प्रारंभ 2026-27
Balaghat Road Laburra,Teh, Lalburra, Dist. Balaghat M.P. 9202131331, 9202121331

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING: POLYTECHNIC, B.TECH | M.TECH, Part Time/Full Time
PHARMACY: D. PHARMACY, B. PHARMACY, M. PHARMACY
AGRICULTURE: B.Sc. (Hons.)Ag., B.Tech (Agri) Engg., M.Sc. (Ag.)
ABM
LAW • B.A. LL.B. • LL.B. • LL.M.
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त...
रोजगार हेतु नियमित केम्पस
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
स्वामी विवेकानन्द प्रा. I.T.I.
Admission Open
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832